नवभारत टाइम्स

# डीआरआई ने मप्र में पकड़ा 1.26 करोड़ का गांजा, सात गिरफ्तार

भाषा| Oct 7, 2019, 02.20 PM IST

इंदौर, सात अक्टूबर (भाषा) ट्रक के जरिये नशीले पदार्थों की तस्करी का खुलासा करते हुए राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने मध्यप्रदेश के बैतूल जिले से सात लोगों को गिरफ्तार किया है। ट्रक से 840 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है जिसकी कीमत नशे के काले बाजार में 1.26 करोड़ रुपये आंकी जा रही है। डीआरआई के एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रविवार को बैतूल जिले में एक ट्रक को रोककर तलाशी लिये जाने पर गांजे की यह बड़ी खेप बरामद की गयी। इसे प्लास्टिक के बक्सों में छिपाकर रखा गया था। उन्होंने बताया कि तस्कर गिरोह के कुछ सदस्य गांजा ले जा रहे ट्रक के आस-पास कारों और मोटरसाइकिलों से निगरानी करते चल रहे थे। इनमें से एक वाहन में हथियार भी थे। अधिकारी ने बताया कि बैतूल पुलिस की मदद से ट्रक और इन वाहनों का पीछा कर गिरोह के सात लोगों को गिरफ्तार किया गया है। तस्करी की वारदात में इस्तेमाल ट्रक आंध्र प्रदेश में पंजीकृत है। मामले में विस्तृत जांच जारी है।